हिन्दी में प्रशिक्षण के लिये वेतन वृद्धि

6483. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री शारदा नन्द :
श्री श्रीचन्द गोयल :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है जो 1964 से अब तक गृह-कार्य मंत्रालय की हिन्दी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत हिन्दी की एक अथवा अधिक निर्धारित परीक्षाओं में सफल हुए हैं ;

(ख) परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कितने कर्मचारियों को वेतन वृद्धियां दी गई हैं और प्रति वर्ष कितना नकद इनाम दिया गया है ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को हिन्दी सीखने के लिये अधिक प्रोत्साहन देने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किये जाने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है । [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या L.T.–775/68]

(ख) प्राज्ञ परीक्षा या हिन्दी टंकण या हिन्दी आशुलेखन की परीक्षा पास करने वाले सभी अराजपत्रित कर्मचारियों को सम्बन्धित मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों द्वारा वेतना वृद्धियां (निजी-वेतन) दी जाती हैं। यह सूचना एकत्र करने में लगने वाला परिश्रम अपेक्षित परिणाम से कहीं अधिक होगा ।

गृह मंत्रालय द्वारा दी गई नकद इनाम की राशि निम्नलिखित है :—

	रु०
1964–65	94,150
1965–66	188,400
1966–67	168 750
1967–68	146,050

(ग) इस प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ।

बिहार में एक पाकिस्तानी जासूस की गिरफ्तारी

6484. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च, 1968 के पूर्वार्द्ध में बिहार शरीफ में आलमगंज मुहल्ले में पुलिस ने एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उस पाकिस्तानी जासूस से कुछ महत्वपूर्ण कागजात बरामद किये गये थे ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस बारे में क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग). सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

Harijan Basti, Delhi

6485. **SHRI M. L. SONDHI:** Will the MINISTER OF HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Harijan Basti in Delhi, where Mahatma ji used to stay, is full of filth and stands neglected;

(b) whether the jhuggis in this Colony face demolition; and

(c) the measures taken by Government to improve the condition of this Colony?